अतिमहत्वपूर्ण/तत्काल
ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–3/वि0बै0 परी0 दिस0–2023 /2024/1456 लखनऊ दिनांकः–21/01/2024

विषयः विशेष बैक पेपर/(Only Back) पेपर परीक्षा के छात्र/छात्राओं के परीक्षा केन्द्र के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आप सभी अवगत ही हैं कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा, दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी–2024) वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न करायी जा रही है। परिषद के संज्ञान में आया है कि विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थी नोडल परीक्षा केन्द्र के स्थान पर किसी अन्य परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने पहुंच रहें हैं, जबकि आप सभी को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था कि विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के सभी विषयों की परीक्षा संबंधित जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित होगी।

विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित ऐसे परीक्षार्थी जिनके प्रवेश पत्रों पर नोडल परीक्षा केन्द्र के स्थान पर किसी अन्य परीक्षा केन्द्र का नाम प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र सम्बन्धित संस्था अपने माध्यम से परिषद के पोर्टल bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन के माध्यम से पुनः डाउनलोड करते हुए परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा सम्बन्धित कोई भी परीक्षार्थी जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्र के स्थान पर अन्य किसी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने हेतु उपस्थित होते हैं, तो उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, अन्यथा की स्थिति में इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा एवं संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

AJIT KUMAR MISHRA
Digitally signed by AJIT KUMAR MISHRA
Date: 2024.01.21 11:09:46 +05'30'

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–3/वि0बै0 परी0 दिस0–2023 /2024/1457–60 तद्दिनांकः 21/01/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा, परिषद उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

AJIT KUMAR MISHRA
Digitally signed by AJIT KUMAR MISHRA
Date: 2024.01.21 11:10:18 +05'30'

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।